# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 21/10/2024 |
| Exam Time | 9:00 AM - 11:00 AM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** एक ट्रेन दूसरी ट्रेन की दुगुनी चाल से चल रही है। ट्रेनों की लंबाई बराबर है। एक ही दिशा में और विपरीत दिशाओं में चलते हुए इन ट्रेनों द्वारा एक दूसरे को पार करने में लगने वाले समय का अनुपात क्रमशः कितना है?

**Ans** A). 3:1 B). 1:3 C). 3:2 D). 2:3

**Correct Answer: A**

**Q.2** 15 m त्रिज्या और 8 m ऊंचाई वाले एक लंब वृत्तीय शंकु का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना है?

**Ans** A). $540 \pi m^2$ B). $350 \pi m^2$ C). $480 \pi m^2$ D). $640 \pi m^2$

**Correct Answer: C**

**Q.3** एक शंकु की त्रिज्या और तिर्यक ऊंचाई का योग शंकु की ऊंचाई का वर्ग है, जबकि त्रिज्या और तिर्यक ऊंचाई के बीच का अंतर केवल 1 cm है। 9 cm ऊंचाई वाले शंकु का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) क्या है? ($\pi$ = 22/7 लीजिए) (2 दशमलव स्थान तक पूर्णांकित करें)

**Ans** A). 10,437.43 B). 11,282.85 C). 10,128.85 D). 10,182.86

**Correct Answer: D**

**Q.4** दी गई तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।
नीचे दी गई तालिका 2016-2020 के दौरान तीन कंपनियों द्वारा उत्पादित शीतल पेय की बोतलों (1 L) की संख्या को दर्शाती है।

| वर्ष | A (लाख में) | B (लाख में) | C (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 2016 | 38000 | 43000 | 52000 |
| 2017 | 42000 | 52000 | 58000 |
| 2018 | 53000 | 65000 | 63000 |
| 2019 | 30000 | 35000 | 32000 |
| 2020 | 20000 | 25000 | 28000 |

वर्ष 2018 में B के उत्पादन की तुलना में वर्ष 2020 में B के उत्पादन में कितने प्रतिशत की कमी हुई (दशमलव के दो स्थानों तक सन्निकट)?

**Ans** A). 61.54% B). 85.56% C). 75.50% D). 60%

**Correct Answer: A**

**Q.5** 40 kg, 49 kg, 56 kg, 65 kg और 39 kg वज़न वाले पांच सदस्यों के एक परिवार का औसत वजन (kg में) कितना होगा?

**Ans** A). 50.8 B). 49.8 C). 51.8 D). 48.8

**Correct Answer: B**

**Q.6** साधारण ब्याज पर एक धनराशि ऋण पर दी गई थी। 7 वर्ष बाद, उस धनराशि का साधारण ब्याज, उसका $\frac{7}{10}$ हो गया। वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 10% B). 5% C). 12% D). 8%


**Correct Answer: A**

**Q.7** एक कक्षा में दो समूह C और D हैं जिनमें क्रमशः 32 और 40 छात्र हैं। यदि समूह C का औसत वजन 60 kg है और समूह D का औसत वजन 33 kg है, तो पूरी कक्षा का औसत वजन ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 45 kg B). 44 kg C). 45.2 kg D). 46.5 kg

**Correct Answer: A**

**Q.8** बार-ग्राफ दिए गए महीनों में पंजीकृत कारों की संख्या और कुल वाहनों की संख्या (हजारों में) दर्शाता है। दिए गए महीनों में पंजीकृत कारों को छोड़कर (other than) वाहनों की कुल संख्या कितनी थी?




**Ans** A). 55000 B). 52000 C). 54000 D). 48000

**Correct Answer: A**

**Q.9** अखिल ने ₹4,500 प्रत्येक की दर से दो वस्तुएँ खरीदीं। उसने एक वस्तु को 12% लाभ पर बेचा लेकिन दूसरी वस्तु को हानि पर बेचना पड़ा। यदि उसे पूरे लेन-देन पर ₹395 की हानि हुई, तो दूसरी वस्तु का विक्रय मूल्य कितना था?

**Ans** A). ₹3,550 B). ₹3,565 C). ₹3,595 D). ₹3,500

**Correct Answer: B**

**Q.10** एक नाव स्थिर जल में 42 km/hr की चाल से चल सकती है। यदि धारा की चाल 3 km/hr है, तो नाव को धारा की दिशा में 157.5 km और फिर धारा की विपरीत दिशा में 78 km जाने में कितना समय (h और min में) लगेगा?

**Ans** A). 6 h 20 min B). 4 h 45 min C). 7 h 25 min D). 5 h 30 min

**Correct Answer: D**

**Q.11** 5 वर्षों के लिए 5% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 625 B). 665 C). 585 D). 565

**Correct Answer: A**

**Q.12** एक पात्र में एल्कोहॉल और पानी का 80 लीटर मिश्रण 3 : 7 के अनुपात में है। यदि पात्र में से 40 लीटर मिश्रण निकालकर उसके स्थान पर 40 लीटर पानी डाल दिया जाए, तो एल्कोहॉल और पानी का अनुपात कितना हो जाएगा?

**Ans** A). 3 : 17 B). 2 : 15 C). 1 : 11 D). 3 : 23

**Correct Answer: A**

**Q.13** दो संख्याएं 7 : 9 के अनुपात में हैं और उनका लघुत्तम समापवर्त्य 630 है। संख्याएं ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 77, 99 B). 63, 81 C). 70, 90 D). 56, 72

**Correct Answer: C**

**Q.14** यदि एक टोकरी में सेब और नाशपाती 5 : 8 के अनुपात में हैं, तो टोकरी में नाशपाती का प्रतिशत (दो दशमलव स्थानों तक सही) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 63.45% B). 59.44% C). 69.5% D). 61.54%

**Correct Answer: D**

**Q.15** दो व्यक्तियों A और B का औसत वजन 70 kg है। एक अन्य व्यक्ति C, A और B के साथ शामिल हो जाता है और औसत वजन अब 72 kg हो जाता है। यदि एक अन्य व्यक्ति D, जिसका वजन C से 2 kg कम है, A की जगह लेता है, तो B, C और D का औसत वजन 70 kg हो जाता है। A का वजन (kg में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 74 B). 80 C). 73 D). 75

**Correct Answer: B**

**Q.16** 10 cm त्रिज्या और 30 cm ऊंचाई वाले एक बेलन को आधार के समानांतर काटकर अलग-अलग साइज़ के दो टुकड़े बनाए जाते है। निर्मित बड़े टुकड़े का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल दिए गए बेलन के संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का 70% है। छोटे टुकड़े को पिघलाकर गोला बना दिया जाता है। गोले की त्रिज्या (cm में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $\sqrt[3]{900}$ B). $\sqrt[3]{844}$ C). $\sqrt[3]{986}$ D). $\sqrt[3]{821}$

**Correct Answer: A**

**Q.17** एक व्यक्ति ने एक वस्तु को ₹500 में खरीदा और ₹400 में बेच दिया। उसका हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 25% B). 20% C). 30% D). 100%

**Correct Answer: B**

**Q.18** b दो राशियों का योग है, जिनमें से एक $a^2$ के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती है और दूसरी a के अनुक्रमानुपाती है। यदि a = 3 या 5 होने पर b = 49 हो, तो a और b के बीच संबंध की पहचान कीजिए ।

**Ans** A). $b = 2a$ B). $b = 8a + 225/a^2$ C). $a = 3b^2 - 7/a$ D). $a = 3b$

**Correct Answer: B**

**Q.19** 4 वर्षों के लिए 4% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 520 B). 600 C). 500 D). 560

**Correct Answer: D**

**Q.20** एक कमीज के क्रय मूल्य और अंकित मूल्य का अनुपात 3 : 5 है। यदि दुकानदार ने इस कमीज को बेचकर $33\frac{1}{3}\%$ का लाभ कमाया, तो अंकित मूल्य पर दी गई छूट की गणना करें।

**Ans** A). 10% B). 25% C). 15% D). 20%

**Correct Answer: D**

## Section : **Reasoning Ability and Problem Solving**

**Q.1** उस समुच्च्य का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(5, 14, 24)
(9, 6, 24)

**Ans** A). (17, 10, 42) B). (21, 23, 55) C). (11, 12, 34) D). (15, 19, 89)


**Correct Answer: C**

**Q.2** एक निश्चित कूट भाषा में, 'CREAM' को '24598' लिखा जाता है और 'CARES' को '59782' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'M' को कैसे लिखा जाएगा?


**Ans** A). 9 B). 7 C). 2 D). 4


**Correct Answer: D**


**Q.3** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकती है।




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: A**

**Q.4** नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, चाहे वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्धारित कीजिए कि कौन-सा/से निष्कर्ष, कथन (कथनों) का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।


कथन:
कुछ चटाई, कालीन हैं।
सभी कालीन, चादरें हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ चटाई, चादरें हैं।
(II) सभी चादरें, कालीन हैं।


**Ans** A). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। C). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।


**Correct Answer: A**


**Q.5** उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति सन्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

---

**Q.6** 5, किसी निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 77 से संबंधित है। 9, समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 137 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 3, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?


(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 44 B). 47 C). 45 D). 49

**Correct Answer: B**

---

**Q.7** यदि दर्पण को नीचे दिखाए गए अनुसार MN पर रखा जाए, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




**Ans** A).  B).  C).  D). 

**Correct Answer: B**

---

**Q.8** एक निश्चित कूट भाषा में, 'HOST' को '2846' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TEAM' को '3587' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 3 B). 7 C). 6 D). 8

**Correct Answer: D**

---

**Q.9** किसी निश्चित कूट भाषा में, ‘COST’ को ‘5971’ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और ‘SALE’ को ‘8692’ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में ’S’ के लिए क्या कूट होगा?

**Ans** A). 8 B). 6 C). 7 D). 9

**Correct Answer: D**

---

**Q.10** दी गई शृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

7 ? 22 37 57 82

**Ans** A). 17 B). 10 C). 12 D). 20

**Correct Answer: C**

**Q.11** सात मित्र - P, Q, R, A, X, Y और Z, एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। Y, Q के दाएँ से छठे स्थान पर बैठा है। P, Y के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। Q और X दोनों A के निकटतम पड़ोसी हैं। Z, P के ठीक दाएँ बैठा है। R के ठीक दाएँ कौन बैठा है?

**Ans** A). P B). X C). Q D). Y

**Correct Answer: D**

---

**Q.12** A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। D के बाईं ओर से गिनती करने पर B और D के बीच में केवल 2 व्यक्ति बैठे हैं। E और C, A के निकटतम पड़ोसी हैं। G, F के ठीक दाईं ओर बैठा है। E के दाईं ओर से गिनती करने पर F और E के बीच में केवल 1 व्यक्ति बैठा है। F के ठीक बाईं ओर कौन बैठा है?

**Ans** A). B B). A C). D D). G

**Correct Answer: A**

---

**Q.13** एक निश्चित कूट भाषा में, 'life is rude' को 'tp ck gn' के रूप में लिखा जाता है और 'this isn't life' को 'gn dl sb' के रूप में लिखा जाता है। इसी कूट भाषा में 'life' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

**Ans** A). ck B). tp C). gn D). dl

**Correct Answer: C**

---

**Q.14** CTVU अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से EVXW से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार, BKGI, DMIK से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, SAEH निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). MPEF B). UCGJ C). HYTF D). LOJI

**Correct Answer: B**

---

**Q.15** यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

25 – 45 × 9 ÷ 5 + 20 = ?

**Ans** A). 32 B). 30 C). 35 D). 33

**Correct Answer: B**

---

**Q.16** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी अंडे, चूजे हैं।
कोई चूजा, मुर्गी नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) सभी चूजे, अंडे हैं।
(II) कोई अंडा, मुर्गी नहीं है।

**Ans** A). न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है B). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है D). निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं

**Correct Answer: B**

---

**Q.17** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और पैटर्न को पूरा कर सकती है।

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S | O | R | R | S | O | = | 4 | R | R | = | 4 | |
| Z | 4 | △ | △ | Z | 4 | S | V | P | P | S | V | ? |
| P | + | = | = | P | + | + | △ | O | O | + | △ | |

**Ans**

A).

| | | |
|---|---|---|
| 4 | V | △ |
| = | 2 | + |
| R | P | O |

B).

| | | |
|---|---|---|
| O | V | R |
| = | 2 | + |
| △ | P | 4 |

C).

| | | |
|---|---|---|
| 4 | P | △ |
| + | 2 | = |
| R | △ | O |

D).

| | | |
|---|---|---|
| O | P | R |
| + | 2 | = |
| △ | V | 4 |

**Correct Answer: B**

---

**Q.18** यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

121 + 1 – 6 ÷ 16 × 8 = ?

**Ans** A). 124 B). 132 C). 164 D). 145

**Correct Answer: B**

**Q.19** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**AZB, BYC, CXD, DWE, ?**

**Ans** A). EVF B). EFU C). FVE D). GUH **Correct Answer: A**

**Q.20** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर VDIZ एक निश्चित प्रकार से ZGKA से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार, HNAS, LQCT से संबंधित है। उसी तर्क का पालन करते हुए, BJWP निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). FMYQ B). DKXR C). DLZR D). ENAS **Correct Answer: A**

## Section : General Awareness

**Q.1** अप्रैल 2023 में, वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम (Vibrant Village Program) किसके द्वारा शुरू किया गया था?

**Ans** A). अमित शाह B). हरदीप पुरी C). नरेंद्र मोदी D). अश्विनी वैष्णव **Correct Answer: A**

**Q.2** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी __________ के बीच खेली जाती है।

**Ans** A). भारत और ऑस्ट्रेलिया B). भारत और न्यूजीलैंड C). भारत और पाकिस्तान D). भारत और इंग्लैंड **Correct Answer: A**

**Q.3** निम्नलिखित में से किस मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के मूल संरचना सिद्धांत (Basic Structure Doctrine) का प्रतिपादन किया?

**Ans** A). इंदिरा गांधी बनाम राज नारायण मामला B). गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य मामला C). केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य मामला D). मेनका गांधी बनाम भारत संघ मामला **Correct Answer: C**

**Q.4** 1905 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बनारस अधिवेशन की अध्यक्षता __________ ने की थी।

**Ans** A). गोपाल कृष्ण गोखले B). महात्मा गाँधी C). जवाहर लाल नेहरू D). सुभाष चंद्र बोस **Correct Answer: A**

**Q.5** 'अमृत और विष' उपन्यास किसने लिखा था?

**Ans** A). श्रीलाल शुक्ला B). अमृतलाल नागर C). रामधारी सिंह दिनकर D). विष्णु प्रभाकर **Correct Answer: B**

**Q.6** तानरास खान (Tanras Khan) निम्नलिखित में से किस घराने से संबंधित हैं?

**Ans** A). इंदौर घराना B). आगरा घराना C). बनारस घराना D). दिल्ली घराना **Correct Answer: D**

**Q.7** बहुआयामी गरीबी सूचकांक (Multidimensional Poverty Index) 2023 के अनुसार, किस केंद्र शासित प्रदेश में गरीबों का प्रतिशत सबसे कम है?

**Ans** A). चंडीगढ़ B). दिल्ली C). लक्षद्वीप D). पुदुच्चेरी **Correct Answer: D**

**Q.8** पुष्यमित्र शुंग (Pushyamitra Sunga) की राजधानी कहां थी?

**Ans** A). कटक B). कलिंग C). पाटलिपुत्र D). नालन्दा **Correct Answer: C**

**Q.9** काला घोड़ा कला महोत्सव (Kala Ghoda Arts Festival) प्रतिवर्ष कहाँ आयोजित किया जाता है?

**Ans** A). मुंबई B). बेंगलुरु C). नई दिल्ली D). चेन्नई **Correct Answer: A**

**Q.10** गुंबद के आकार के उस स्मारक को क्या कहा जाता है जिसमें बौद्ध धर्म से संबंधित पवित्र अवशेष (sacred relics) समाविष्ट होते हैं?

**Ans** A). चैत्य B). विहार C). स्तूप D). स्तंभ **Correct Answer: C**

**Q.11** भारत की जनगणना की मानक परिभाषा के अनुसार, सीमांत श्रमिक (marginal worker) वह व्यक्ति होता है, जो एक वर्ष में ____ दिन से कम कार्य करता है।

**Ans** A). 183 B). 173 C). 180 D). 170 **Correct Answer: A**

**Q.12** 'धनसिरी (Dhansiri)' और 'सुबनसिरी (Subansiri)' ________ नदी की सहायक नदियाँ हैं।

**Ans** A). गोदावरी B). सतलुज C). महानदी D). ब्रह्मपुत्र **Correct Answer: D**

**Q.13** घावों से अत्यधिक रक्तस्राव ____ की कमी के कारण हो सकता है।

**Ans** A). विटामिन B12 B). विटामिन K C). विटामिन A D). विटामिन E **Correct Answer: B**

**Q.14** **उत्तर-दक्षिण राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारा भारत के किन दो केंद्रशासित प्रदेशों/राज्यों को जोड़ता है?**

**Ans** A). जम्मू और कश्मीर - तमिलनाडु B). जम्मू और कश्मीर - तेलंगाना C). दिल्ली-ओडिशा D). लद्दाख - केरल **Correct Answer: A**

**Q.15** **अनाहत सिंह का संबंध निम्नलिखित में से किस खेल स्पर्धा से है?**

**Ans** A). स्क्वाश (Squash) B). बैडमिंटन (Badminton) C). शतरंज (Chess) D). कुश्ती (Wrestling) **Correct Answer: A**

**Q.16** **निम्नलिखित में से किस जल निकाय को महासागर की नर्सरी (nurseries of the ocean) के रूप में भी जाना जाता है?**

**Ans** A). बांध (Dams) B). नदमुख (Estuaries) C). लैगून (Lagoons) D). दलदल (Bogs) **Correct Answer: B**

**Q.17** **19वीं शताब्दी का 'अगरिया (Agaria)' समुदाय निम्नलिखित में से किस उद्योग से जुड़ा था?**

**Ans** A). काष्ठ उद्योग B). लोहा उद्योग C). कृषि उद्योग D). सूती वस्त्र उद्योग **Correct Answer: B**

**Q.18** **किसी पारिस्थितिकी तंत्र में स्वपोषी जीवों की प्राथमिक भूमिका क्या है?**

**Ans** A). भोजन के लिए अन्य जीवों का शिकार करना B). कार्बनिक पदार्थों को ऊर्जा में परिवर्तित करना C). मृत जीवों का अपघटन करना
D). अकार्बनिक पदार्थों से कार्बनिक पदार्थों का उत्पादन करना **Correct Answer: D**

**Q.19** **1527 ई. में, बाबर ने ________ की लड़ाई में मेवाड़ के राजपूत शासक राणा सांगा को हराया था।**

**Ans** A). तराइन B). खानवा C). पानीपत D). चंदेरी **Correct Answer: B**

**Q.20** **इलेक्ट्रॉन का आवेश क्या होता है?**

**Ans** A). परिवर्ती B). धनात्मक C). ऋणात्मक D). उदासीन **Correct Answer: C**

**Q.21** **फुगड़ी (Fugdi) _________ राज्य का एक प्रसिद्ध नृत्य है।**

**Ans** A). तमिलनाडु B). उत्तराखंड C). पंजाब D). गोवा **Correct Answer: D**

**Q.22** **निम्नलिखित में से किसे संसद रत्न पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया और वह पश्चिम बंगाल से लोकसभा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करते हैं?**

**Ans** A). बिद्युत बरन महतो B). कुलदीप राय शर्मा C). सुधीर गुप्ता D). अधीर रंजन चौधरी **Correct Answer: D**

**Q.23** **उस कुचिपुड़ी नृत्य कलाकार, अभिनय कलाकार और फिल्म निर्माता की पहचान कीजिए, जिन्होंने 2022 में 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी का पुरस्कार जीता।**

**Ans** A). बिरजू महाराज B). रेमो डिसूजा C). संध्या राजू D). गणेश आचार्य **Correct Answer: C**

**Q.24** **निम्नलिखित में से किस रिपोर्ट को संघीय प्रणाली के सफल कामकाज के लिए लचीलापन प्रदान करने के लिए एक खण्डशः प्रयास (piecemeal effort) माना जाता है?**

**Ans** A). कपूर आयोग B). ठक्कर आयोग C). सरकारिया आयोग D). कोठारी आयोग **Correct Answer: C**

**Q.25** **भारत में संपत्ति कर (wealth taxes) और उपहार कर (gift taxes) को कागजी कर के रूप में क्यों माना जाता है?**

**Ans** A). सरकार के लिए ये कर वसूल करना अनिवार्य नहीं है। B). करदाताओं को केवल कागजों में फॉर्म भरकर रिटर्न जमा करना होगा।
C). इनका भुगतान केवल सरकारी कर्मचारियों, संसद और विधान सभाओं के सदस्यों द्वारा किया जाता है।
D). वे दूसरों करों की तुलना में अधिक राजस्व उत्पन्न नहीं करते हैं। **Correct Answer: D**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** **Select the most appropriate idiom to substitute the underlined word segment in the given sentence.**

**If the two families could <u>forget their past quarrels</u> forever, both could benefit immensely.**

**Ans** A). cut to the quick B). do a good turn C). bury the hatchet D). catch a tartar **Correct Answer: C**

**Q.2** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**The detail given by the instructor was the ______ one.**

**Ans** A). updating B). more updation C). most updated D). updates **Correct Answer: C**

**Q.3** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Presumably**

**Ans** A). Certainly B). Successfully C). Liberally D). Unlikely

**Correct Answer: D**

**Q.4** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Abstinent B). Abscess C). Absense D). Abstract

**Correct Answer: C**

**Q.5** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**He sings good / among all the / contestants in / the singing competition.**

**Ans** A). the singing competition B). among all the C). contestants in D). He sings good

**Correct Answer: D**

**Q.6** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**

**The recommendations of the committee / regarding changes in the eligibility criteria / was not accept.**

**Ans** A). was not accept B). regarding changes in the eligibility criteria C). The recommendations of the committee D). No Error

**Correct Answer: A**

**Q.7** **Select the most appropriate homophone to fill in the blank.**

**Looking up, she realised she had swum __________ than she'd thought.**

**Ans** A). farthest B). furthest C). farther D). further

**Correct Answer: C**

**Q.8** **Select the grammatically correct sentence.**

**Ans** A). The myriad of possibilities unfolds when the artist embarks on a journey of creative experimentation.
B). A myriad of possibilities unfolds when the artist embarks on the journey of creative experimentation.
C). The myriad of possibilities unfolds when an artist embarks on the journey of creative experimentation.
D). A myriad of possibilities unfolds when an artist embarks on a journey of creative experimentation.

**Correct Answer: D**

**Q.9** **Select the option that will improve the underlined part of the given sentence. In case no improvement is needed, select 'No improvement required'.**

**Siliguri <u>has joined the nation to celebrate</u> the golden jubilee of the first conquest of Mount Everest by an Indian.**

**Ans** A). joining the nation celebrate B). No improvement required C). joined the national celebration D). joins the celebratory nation

**Correct Answer: B**

**Q.10** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Millennium B). Consciencious C). Inconvenience D). Unanimous

**Correct Answer: B**

**Q.11** **Select the word that has the same meaning (SYNONYM) as the underlined word in the given sentence.**

**The prisoners were living in <u>appalling</u> conditions.**

**Ans** A). daring B). ingenuous C). shocking D). risky

**Correct Answer: C**

**Q.12** **Select the option that will improve the underlined part of the given sentence.**
**You can do your work well within the stipulated time and be more productive if you learn to keep video games <u>at the length of your arm.</u>**

**Ans** A). at arm's length B). at arm of your length C). at arm of his length D). at arm's weight

**Correct Answer: A**

**Q.13** **Select the word that is opposite in meaning (ANTONYM) to the highlighted word in the given sentence.**

**We enjoyed the gentle breeze that was blowing.**

**Ans** A). violent B). soft C). modest D). garnished

**Correct Answer: A**

**Q.14** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**

**One who brings a legal action against someone in court.**

**Ans** A). Pragmatist B). Plaintiff C). Sanctimonious D). Numismatic **Correct Answer: B**

**Q.15** **Select the grammatically correct sentence.**

**Ans** A). Our Principal is great teacher and administrator. B). Our Principal is a great teacher and an administrator.
C). Our Principal is a great teacher and administrator. D). Our Principal is a great teacher and a great administrator. **Correct Answer: C**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in the blanks.**
**I could _____ the reason for being _____.**

**Ans** A). fine; find B). find; fined C). barred; bard D). bard; barred **Correct Answer: B**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**Siva is a hard worker. He works ___________.**

**Ans** A). bad B). hard C). scarcely D). hardly **Correct Answer: B**

**Q.18** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). familiar B). paralel C). achieve D). humorous **Correct Answer: B**

**Q.19** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No substitution'.**

**There have been <u>numerous</u> attempts made by the citizens to restore parity.**

**Ans** A). More numerous B). Quite numerous C). No substitution D). Most numerous **Correct Answer: D**

**Q.20** **Select the most appropriate meaning of the underlined phrase.**

**In the <u>absence of government rule</u>, riots have broken out all over the country and everything is in a state of complete chaos.**

**Ans** A). Dictatorship B). Monarchy C). Oligarchy D). Anarchy **Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
The habit of reading is highly advantageous to us intellectually, emotionally and spiritually. As one gets into the habit of reading, one gets mental (1)________. It helps us acquire (2)________and attain intellectual (3)_________. Reading takes away our (4)_________. Reading can bring (5)__________ in our sorrowful times and guide us in our duties.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). satisfaction B). exhaustion C). coverage D). success **Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
The habit of reading is highly advantageous to us intellectually, emotionally and spiritually. As one gets into the habit of reading, one gets mental (1)________. It helps us acquire (2)________and attain intellectual (3)_________. Reading takes away our (4)_________. Reading can bring (5)__________ in our sorrowful times and guide us in our duties.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). strategies B). knowledge C). readiness D). employment **Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
The habit of reading is highly advantageous to us intellectually, emotionally and spiritually. As one gets into the habit of reading, one gets mental (1)________. It helps us acquire (2)________and attain intellectual (3)_________. Reading takes away our (4)_________. Reading can bring (5)__________ in our sorrowful times and guide us in our duties.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23 Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). compression B). stagnation C). creation D). expansion

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
The habit of reading is highly advantageous to us intellectually, emotionally and spiritually. As one gets into the habit of reading, one gets mental (1)________. It helps us acquire (2)________and attain intellectual (3)_________. Reading takes away our (4)_________. Reading can bring (5)__________ in our sorrowful times and guide us in our duties.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24 Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). boredom B). time C). vigour D). concern

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
The habit of reading is highly advantageous to us intellectually, emotionally and spiritually. As one gets into the habit of reading, one gets mental (1)________. It helps us acquire (2)________and attain intellectual (3)_________. Reading takes away our (4)_________. Reading can bring (5)__________ in our sorrowful times and guide us in our duties.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25 Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). resentment B). comfort C). oppression D). lethargy

**Correct Answer: B**